अमर उजाला

Date: 11.08.2025

# सीआरएसयू की छात्राएं तिरंगा यात्रा में सहभागिता के लिए कश्मीर रवाना



तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाली छात्राओं को रवाना करते स्टाफ सदस्य। स्रोत : सीआरएसयू

संवाद न्यूज एजेंसी

**जींद**। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्राएं नेहा, याशिका, ज्योति, आशु, एना और कोमल रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय परिसर से रवाना की गईं।

कुलपति प्रो. आरपी सैनी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक है। रोहतक से कश्मीर तक की यह यात्रा देशवासियों में भाईचारे और एकता की भावना को और प्रबल करेगी। हमारी छात्राओं का इसमें भाग लेना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है।

रजिस्ट्रार प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह यात्रा केवल भौगोलिक दूरी तय करने का प्रयास नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और तिरंगे के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। हमारी बेटियां इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाएंगी।

जागरण

Date: 11.08.2025

# सीआरएसयू की छह छात्राएं तिरंगा यात्रा में शामिल



तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाली छात्राएं वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी के साथ। • सौ. विवि

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की छात्राएं नेहा, याशिका, ज्योति, आशु, एना और कोमल रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए रविवार को रवाना हुई। वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक है।

रोहतक से कश्मीर तक की यह यात्रा देशवासियों में भाईचारे व एकता की भावना को और प्रबल करेगी।

दैनिक भास्कर
ई-पेपर

Date: 11.08.2025

# सीआरएसयू की 6 छात्राएं तिरंगा यात्रा में हुईं शामिल

जींद| सीआरएसयू की छात्रा नेहा, याशिका, ज्योति, आशु, एना और कोमल 10 अगस्त को तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए रवाना हुईं। यह यात्रा रोहतक से कश्मीर तक निकाली जा रही है। छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक पहुंचकर यात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा का नेतृत्व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा कर रहे हैं। कुलगुरु प्रो. आरपी सैनी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान और सम्मान का प्रतीक है। यह यात्रा देश में भाईचारे और एकता को मजबूत करेगी। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह यात्रा दिलों को जोड़ने और तिरंगे के सम्मान का संदेश देने का प्रयास है। हमारी बेटियां इस संदेश को दूर-दूर तक पहुंचाएंगी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवीन लडवाल ने बताया कि छात्राओं ने 10 अगस्त को रोहतक पहुंचकर यात्रा में भाग लिया। यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे देश में राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता का संदेश फैलाएगी। इस मौके पर एनएसएस अधिकारी डॉ. जगपाल मान, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. ज्योति मलिक भी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी

Date: 11.08.2025

# सी.आर.एस. की रहेगी रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में सहभागिता

जींद, 10 अगस्त (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद की छात्राएं नेहा, याशिका, ज्योति, आशु, एना और कोमल आज राष्ट्रभक्ति और जोश के साथ रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय परिसर से रवाना की गईं।



*तिरंगा यात्रा में भाग लेने के लिए रवाना होते विद्यार्थी।*

इस अवसर पर माननीय कुलगुरु प्रो. आर.पी. सैनी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक है। रोहतक से कश्मीर तक की यह यात्रा देशवासियों में भाईचारे और एकता की भावना को और प्रबल करेगी।

हमारी छात्राओं का इसमें भाग लेना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह यात्रा केवल भौगोलिक दूरी तय करने का प्रयास नही, बल्कि दिलों को जोड़ने और तिरंगे के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। हमारी बेटियां इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाएंगी।

एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवीन लडवाल ने यह बताया कि इन छात्राओं ने 10 अगस्त 2025 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक पहुंचकर माननीय शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के मार्गदर्शन में आरंभ हुई रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस से पूर्व पूरे देश में राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता का संदेश फैलाएगी। इस अवसर पर एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. जगपाल मान, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. ज्योति मलिक उपस्थित रहे और उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया।

INDIA TIMER

Date: 11.08.2025

# तिरंगा यात्रा में कदमताल करेगी सीआरएसयू की छात्राएं

## तिरंगा हमारे सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक : वीसी सैनी



**जींद, ब्यूरो (इंडिया टाइमर) :** रोहतक से कश्मीर तक निकलने वाली तिरंगा यात्रा में जींद के चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय यानि सीआरएसयू की छात्राएं कदमताल करेगी। रविवार को इसके लिए छात्रा नेहा, याशिका, ज्योति, आशु, एना और कोमल राष्ट्रभक्ति के जज्बे के साथ विश्वविद्यालय परिसर से रवाना हुई। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रो. आर.पी. सैनी ने कहा तिरंगा हमारी पहचान, सम्मान और स्वतंत्रता का प्रतीक है। रोहतक से कश्मीर तक की यह यात्रा देशवासियों में भाईचारे और एकता की भावना को और प्रबल करेगी। हमारी छात्राओं का इसमें भाग लेना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने कहा कि यह यात्रा केवल भौगोलिक दूरी तय करने का प्रयास नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने और तिरंगे के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प है। हमारी बेटियाँ इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाएँगी। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नवीन लडवाल ने यह बताया कि इन छात्राओं ने 10 अगस्त 2025 को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक पहुँचकर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के मार्गदर्शन में आरंभ हुई रोहतक से कश्मीर तक तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे देश में राष्ट्रभक्ति, एकता और अखंडता का संदेश फैलाएगी। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डॉ. जगपाल मान, डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. राकेश कुमार और डॉ. ज्योति मलिक उपस्थित रहे।